# शाढौरा नगर परिषद फिर सुर्खियों में, अध्यक्ष-सीएमओ भोपाल तलब

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय ने भेजा नोटिस, शिकायतकर्ता को भी बुलाया गया




नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा। नगर परिषद में चल रही खींचतान की आंच अब सीएमओ शमशाद पठान तक भी पहुंच गई है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय ने अध्यक्ष के साथ उन्हें भी भोपाल तलब कर लिया है। जहां उन्हें अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब देना है। मंत्रालय से मिले नोटिस में उन्हें 24 सितंबर को साक्ष्यों के साथ भोपाल पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय ने शिकायतकर्ता को भी बुलावा भेजा है।**

नगर परिषद एक बार फिर अनियमितताओं के आरोपों को लेकर चर्चा में है। पार्षद राकेश रघुवंशी की शिकायत के बाद चल रही जांच में तीनों संबंधितों को अपनी बात रखने का एक और मौका दिया जा रहा है। 24 सितंबर को तीनों को भोपाल पहुंचकर साक्ष्यों के साथ अपने पक्ष में बात रखनी होगी। यह कार्रवाई अध्यक्ष पर भाई-भतीजावाद, सफाई कर्मचारियों की नियमविरुद्ध नियुक्ति और डीजल दुरुपयोग के आरोपों की जांच के सिलसिले में की जा रही है। वहीं पार्षद श्री रघुवंशी ने आरोप लगाया था कि अध्यक्ष माहौर ने 10 सफाई कर्मचारियों की बिना नियम-कानून के नियुक्ति की, अपने भाई और भतीजे को संविदा पर नौकरी दी, साथ ही डीजल का दुरुपयोग किया। इन शिकायतों की प्रारंभिक जांच में नगरीय विकास विभाग ने आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया था। इसके बाद 23 जुलाई को अध्यक्ष माहौर को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया, जिसमें उन्होंने सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि कोई अनियमितता नहीं हुई और सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति पीआईसी के माध्यम से की गई थी। हालांकि नगरीय विकास विभाग उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ और अब 24 सितंबर को एक बार फिर सुनवाई का अवसर दिया गया है। इस बार सीएमओ शमशाद पठान और शिकायतकर्ता राकेश रघुवंशी को भी अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया है। यह मामला शाढ़ौरा नगर परिषद में पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल उठा रहा है। प्रकरण को लेकर अटकलों का दौर जारी है और नगरवासी अंतिम फैसले पर नजर जमाए बैठे हैं। अविश्वास प्रस्ताव भी दिया यह केवल एक मामले की बात नहीं है। पार्षद राकेश रघुवंशी के अलावा परिषद के अन्य 9 पार्षद भी कई बार अध्यक्ष के विरुद्ध शिकायत कर चुके हैं। वहीं उनके द्वारा की जा रही अनियमित्ताओं के चलते पार्षदों ने एकजुट होकर कलेक्टर को अविश्वास प्रस्ताव भी दिया है। जिस पर कार्रवाई होनी है। ये पार्षद अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग कर रहे हैं।

वहीं सीएमओ शमशाद पठान ने बताया कि मुझे इस मामले में पत्र मिला है मे 24 सितंबर को अपना पक्ष रखने भोपाल जाऊंगा। वहीं शिकायत कर्ता पार्षद राकेश रघुवशी ने बताया कि मैंने एंव परिषद के 9 पार्षदों ने अनेकों बार अनियमितताओ की शिकायत की है मुझे 24 सितंबर को नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से अपने पक्ष रखने के लिए भोपाल बुलाया मे सभी साक्ष्यों के साथ अपना पक्ष नियत तारीख को भोपाल मै रखूंगा।



## दुर्गावाहिनी की बैठक संपन्न आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** दुर्गा वाहिनी की प्रान्त सयोजिका आकांक्षा दुबे एक दिवसीय प्रवास पर नगर में पहुंची, जहां उन्होंने दुर्गावाहिनी की कार्यकर्ताओ की बैठक ली और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। रविवार को जिला कार्यालय पर दुर्गा वाहिनी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें दुर्गा वाहिनी के आगामी कार्यक्रमों की योजना, नवरात्रि मे दुर्गावाहिनी की शक्ति शौर्य यात्रा सहित विभिन्न विषयो पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष संतोष चंदेल, जिला सहमंत्री संतोष शर्मा, जिला सयोजिका नमिता यादव, संयोजिका मुस्कान रघुवंशी, प्रखंड सयोजिका आरती चौहान, विशाखा सहित अन्य दुर्गा वाहिनी की बहिने उपस्थित रही।

### एक नजर में



## घटिया पुलिया निर्माण की ग्रामीणों ने की विधायक से शिकायत

**अशोकनगर।** गांव में बन रहीं पुलिया के घटिया निर्माण लेकर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय से शिकायत की, जिसके बाद विधायक श्री राय गांव पहुंचे और निर्माणाधीन पुलिया जायजा लिया। इस दौरान जहां उन्होंने इंजीनियर के तौर पर बन रहीं पुलिया को लेकर लापरवाही की बात कहीं। तो वहीं ग्रामीणों ने बताया कि जिस पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है, उसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसके चलते वह जल्द ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी और पुलिया बनने के बाद भी उसका सद्पयोग नहीं हो पायेगा और फिर लोगों को परेशान होना पड़ेगा।

दरअसल रविवार को ग्राम जतौली के ग्रामीणों द्वारा गांव में बन रहीं पुलिया में जिम्मेदारों द्वारा भ्रष्टाचार किय जाने की शिकायत विधायक से की, शिकायत प्राप्त होते ही वह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि पुलिया निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है तथा कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं किया गया। साथ ग्रामीणों ने विधायक इंजी हरिबाबू राय से कहा है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिया निरीक्षण के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोपाल कौल, वली सिंह, नरेन्द्र शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कदवाया पुलिस ने नाबालिक अपहता को किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** कदवाया पुलिस ने एक अपहृता बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। दरअसल पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा महिला सम्मान, सुरक्षा एवं स्वतन्त्रता हेतु जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं समस्त चौकी प्रभारियों को गुम बालक, बालिकाओं एवं महिलाओं की दस्तयाबी की प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है, जिसमें जिला पुलिस द्वारा गुम बालक, बालिकाओं, महिलाओं का साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र से पता कर दस्तयाब किया जाकर परिवार के सुपुर्द किया जा रहा है। इसी क्रम में 5 सितंबर को फरियादी जसमन जाटव निवासी ग्राम महुअन ने कदवाया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिक पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। इस मामले में जहां पुलिस ने मामला दर्ज किया, तो वहीं बालिका की खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर विश्लेषण के आधार पर गहन छानबीन की तथा लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक अजय तिवारी, आरक्षक अरशद अली, गजेन्द्र पाल, ऋषष हिन्डोरिया, महिला आरक्षक आरती राजपूत की

# महिला की मौत पर परिजनों ने किया चक्काजाम

## नेशनल हाइवे किया जाम, परिजनों में इलाज में लापरवाही के लगाए आरोप

नवभारत न्यूज

**मुंगावली ।** बरखाना निवासी अहिल्या यादव पत्नी शैलेन्द्र यादव उम्र 21 वर्ष की अस्पताल में मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर किया। जानकारी के अनुसार अहिल्या यादव को गर्भ में पांच माह का बच्चा खत्म हो जाने के बाद शनिवार-रविवार की रात करीब 2 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉ. अमित पांडे द्वारा उनका इलाज किया जा रहा था। परिवारजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही के चलते महिला की मौत हुई। यही नहीं डॉक्टर पर गाली-गलौच और अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया गया है। वहीं गुस्साए परिजनों ने महिला के शव को अस्पताल से निकालकर नेशनल हाईवे पर रखकर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान परिवारजन रोते-बिलखते सड़क पर बैठे रहे, जिससे लंबे समय तक



यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जोगिंदर सिंह यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाइस दी। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। परिजन डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### कमाई घटने से नाराज़गी या लापरवाही :

कलेक्टर के आदेश के बाद के सरकारी अस्पताल में व्यवस्थाएं दुरुस्त होने लगी हैं। मरीजों की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं पर प्रशासन की सख्ती का असर साफ दिखाई दे रहा है। लेकिन इसी बीच निजी क्लीनिकों में मरीजों का पहुंचना लगभग बंद हो गया है। जिसका डॉक्टरों की आमदनी पर इसका सीधा असर पड़ा है और यही नाराजगी अब अस्पताल में आने वाले मरीजों पर गुस्से के रूप में निकलती दिखाई दे रही है। लगातार मरीजों और उनके परिजनों की शिकायतें सामने आ रही हैं कि अस्पताल के डॉक्टर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। हाल ही में दो गंभीर घटनाओं ने इस मुद्दे को और गरमा दिया है। शनिवार को एक बच्चे की संदिग्ध मौत और रविवार को एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इलाज और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया। इन घटनाओं से यह सवाल उठता है कि क्या सरकारी अस्पतालों में व्यवस्थाएं सिर्फ कलेक्टर के निरीक्षण तक सीमित रह जाती हैं? और क्या मरीजों की जिंदगी डॉक्टरों की निजी नाराजगी की कीमत पर दांव पर लगाई जा सकती है?

# श्रीगया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला 18 से प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बनी श्री गया प्रसाद कलाकार मण्डल की रामलीला का इस वर्ष लगातार 78 वा आयोजन होने जा रहा है। जिसका शुभारंभ 18 सितम्बर से प्रारंभ होगा, जो विजयादशमी के दिन 2 अक्टूबर तक चलेगा।

दरअसल इस बार रामलीला को और भी आकर्षक बनाने के लिए मंच सज्जा और वेशभूषा में विशेष बदलाव किए गए हैं। नए संवादों के साथ दर्शकों को ताजगी और उत्साह से भरपूर अनुभव मिलेगा। लीला के सचिव रजनीश प्रिंस सिंघई ने बताया कि हर वर्ष हम सभी रामलीला को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं और इस बार भी दर्शकों को कुछ नया देखने को मिलेगा। रामलीला में भाग लेने वाले सभी कलाकारों की रिहर्सल शुरू हो चुकी है। कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों की तैयारियां शुरू कर ली हैं। मंचन के दौरान अभिनय और भावाभिव्यक्ति से दर्शकों को भगवान राम के जीवन की झलकियां प्रस्तुत की जाएगी। कलाकारों द्वारा लगभग 15 दिन पूर्व से रिहर्सल चलती है जो कि अब अपने अंतिम चरण पर है। लीला में नन्हे मुन्ने कलाकारों से लेकर वरिष्ठ कलाकारों तक सभी अपना समय निकालकर इस लीला के लिए निशुल्क सेवा देते हैं। वहीं मण्डल के संयोजक ओम प्रकाश चौधरी व अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह यादव ने बताया की मंच, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली तथा दर्शक दीर्घा की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। समिति सदस्यों का कहना है कि रामलीला केवल एक नाट्य प्रस्तुति नहीं है, बल्कि यह हमारी परम्पराओं और आस्था का जीवंत प्रतीक है। 18 तारीख को रात्रि 9 बजे फीता काटकर श्री गणेश वंदना के साथ लीला का प्रारंभ किया जाएगा।



## संभाग स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**अशोकनगर।** शिक्षा विभाग द्वारा लोक शिक्षण संचनालय के निर्देश पर जिलामुख्यालय स्थित मुस्कान स्कूल में 69 वी संभाग स्तरीय हेण्डवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना जिलो के अंडर 17 बालक एवं बालिका ने हिस्सा लिया। रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अथिति के रूप में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अथिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बर्धन करते हुए खेलो मे भाग लेने के लिये प्रेरित किया। तो वहीं प्रतियोगिता में शामिल टीमों ने अपने बेहत्तर खेल का प्रदर्शन किया, जिसमें बालका और बालिका की टीम विजयी रहीं। इस मौके पर सांसद

# अखिल भारतीय अंखड क्षत्रिय रघुवंशी परिषद की बैठक संपन्न

**दीपा रघुवंशी देरखा बनीं जिलाध्यक्ष**

**जिला कार्यकारिणी का भी हुआ गठन**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अखिल भारतीय अखंड क्षत्रिय रघुवंशी महापरिषद की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भगवान श्री राम की स्तुति के साथ किया गया। इस मौके पर संगठन की महिला इकाई का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अनुसुईया रघुवंशी, प्रदेश विशिष्ट अतिथि विभा वीरेंद्र सिंह रघुवंशी, सुमन रघुवंशी प्रदेश संगठन मंत्री, गंगा रघुवंशी प्रदेश सचिव, सावित्री




रघुवंशी प्रदेश संगठन मंत्री ममता रघुवंशी प्रदेश संगठन मंत्री कविता रघुवंशी प्रदेश संगठन मंत्री अनुसुईया रघुवंशी प्रदेश संगठन मंत्री की मौजूदगी में सर्व सम्मति से महिला इकाई की घोषणा की गई है। जिसमें जिलाध्यक्ष दीपा दीपक रघुवंशी देरखा के अलावा डॉ. कीर्ति कुलदीप रघुवंशी को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बीते 8 सितंबर को हुई इस बृहद बैठक के दौरान यह घोषणाएं की गई हैं। जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद दीपा रघुवंशी ने कहा कि संगठन की रीति नीति के अनुरूप वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में जिले में सभी पदाधिकारियों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दीपा रघुवंशी ने जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की है। जिसमें रश्मि रघुवंशी बामोरा, रामेति रघुवंशी और निक्की रघुवंशी को उपाध्यक्ष, कृष्णा अभिषेक रघुवंशी सचिव, लवली रघुवंशी और आरती रघुवंशी को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं आशा रघुवंशी, टीना दिलीप रघुवंशी, सीमा रघुवंशी, सविता रघुवंशी और धनपाल रघुवंशी को संगठन मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा किरण रघुवंशी और प्रीति रघुवंशी को कोषाध्यक्ष, रश्मि महेंद्र सिंह मीडिया प्रभारी, दीपा उमरी, रचना सुनील रघुवंशी और ऋतु रघुवंशी की सहसचिव, विनीता कृष्णवीर सिंह जिला संगठन मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## धर्म-कर्म

# मुनिश्री ने कहा घर लौटते हुए भी मुख मंडल पर हंसी खुशी होना चाहिए

## महिला महासमिति के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** हंसते हुए जाओ तो हंसते हुए ही घर लौटना की शिक्षा अपने साथ लेकर जाएं आपको एक ही वयादा करना है मैं जीवन एक बात का ध्यान रखना हैं जितनी पवित्रता के साथ घर से निकली हो, ऐसे ही पवित्र पने के साथ घर लौटना, इतना आश्वासन देना है राष्ट्रपति महात्मा गांधी जब विदेश जाने लगें तो उनकी आंखों में आसू आ गये मां कहने लगी जितने पवित्र आज हो कल के दिन ऐसे ही लौटना है तब ही मोहनदास ने संकल्प लिया कि जैसा विदेश जा रहा हूं वैसा ही रहूंगा। उसी नियत ने मोहन दास करम चंद गांधी को महात्मा गांधी बना दिया, गांधी के उदाहरण से महिला सम्मेलन में कहना चाहता हूं कि हमें अपनी पवित्रता



स्वयं रखनी होगी, नारी गौरव के लिए बेटियों को संस्कारित शिक्षा के साथ कर्तव्य बोध की आवश्यकता है, अधिकार सब चाहते हैं कर्त्तव्य से पीछे हटते हैं, यदि घर में मां बेटियों को कर्तव्य की शिक्षा से संस्कारित कर दे, तो बेटीयां कभी दुखी नहीं हो सकती उक्त आशय के उद्गार सुधामय सभा मंडप में राष्ट्रीय महिला अधिवेशन के दौरान विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागर जी महाराज ने व्यक्त किए। इस दौरान मुनिश्री ने कहा कि हम ने पहले कहा था कुवत कम और गुस्सा ज्यादा लक्षण हैं मिट जाने का मै क्यों झकु अंहकार के कारण गलती होने पर भी नहीं झुका हैं दुनिया बहुत उल्टी है देखो इतनी बकवास दे रहा है दुश्मन गालियों पर गालियाँ दिये जा रहा है फिर भी कुछ नहीं कह रहे हम अपने कर्ता स्वयं हैं हमें उनकी गालीयो से कुछ नहीं होगा अपने कारण जितना अपने जीवन में संकट आयेगा आप कुंदन सा चमकोगे सबसे पहले तुम्हारे लिए कोई भी कार्य करना है वह स्वयं करना है धन्धा करना है स्वयं के पैसे से करना है अपनी अक्ल लगाना सुरक्षित घर से निकल कर सुरक्षित ही घर लौटना है इस बात को अपने जीवन का सूत्र बना ले। समारोह के प्रारंभ आचार्यश्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, विदिशा डीएसपी मयंक जैन पुण्यर्जक परिवार से राजेश जैन कक्का, आदि के द्वारा किया गया।

### विभिन्न सन्देश को लेकर निकली विशाल भव्य शोभायात्रा :

अखिल भारतीय महिला महा समिति का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन रविवार को शहर की सड़कों पर विभिन्न संदेश लेकर देश भर से पहुंचे नारी शक्ति की एक शोभायात्रा में शहर में निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा में मध्यप्रदेश के विभिन्न नगरों से आये महिला मंडलों के दिव्य घोषों से शोभायात्रा की रौनक अलग ही लग रही थी, इनके आगे आगे बैन्ड वाज़े और पीछे परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के साथ पुण्यर्जक परिवार राजेश कक्का, निखिल जैन पीलू जैन जैन, समाज राकेश कासंल महामंत्री, राकेश अमरोद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**उमंग अभियान के तहत हुआ आयोजन**

**करीब दो सैकड़ा छात्र-छात्राओं की हुई जांच**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) के अंतर्गत प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेन्स (डिग्री कॉलेज) में शनिवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब दो सैंकड़ा छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई।

जिला समन्वयक आरकेएसके आनंद मोहन माथुर ने बताया गया की सीएमएचओ डॉ अल्का त्रवेदी के मार्गदर्शन में एवं नोडल अधिकारी डॉ रजनी छारी के निर्देशन में छात्र-छात्राओं हेतु समग्र हेल्थ केंप का आयोजन प्राचार्य डॉ रेणु राजेश एवं प्रोफेसर



चन्द्रशेखर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे कॉलेज के लगभग 200 विद्यार्थीयों का ब्लड टेस्ट, शुगर, बीपी, बीएमआई, बजन, ओरल हेल्थ, जनरल हेल्थ चेकप किया गया। इसके साथ ही विश्व आत्महत्या दिवस 10 सितंबर के संबंध में मनोरोग चिकित्सक डॉ राम मोहन गुर्जर द्वारा उपस्थित छात्रों को मानसिक कमजोरी, आत्महत्या जैसे विशेष विषय पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। वहीं उमंग परामर्शदाता वैशाली माथुर द्वारा उमंग स्वास्थ्य केंद्र जिला चिकित्सालय में किशोर किशोरियों को मानसिक, शारीरिक एवं किशोर आयु से संबन्धित समस्याओं के निवारण के संबंध में बताया गया एवं जानकारी दी। एचआईवी एड्स के संबंध में ब्रजपाल एवं दिलीप सोनी द्वारा रोकथाम एवं उपचार के बारे में बताया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डॉ गौरव बंसल, राजेश धैर्य, शहीद खान मंसूरी, यशवंत रघुवंशी, ममता यादव, सरिता पटवा, रचना साहू, कॉलेज स्टॉफ मौजूद रहा।